# मुख्यमंत्री ने योग, जी.एस.टी. व आयकर पर सी.ए. सेमीनार को संबोधित किया

## भजनलाल शर्मा ने कहा, सी.ए. द्वारा जी.एस.टी. की अनुपालना में मदद से 30 प्रतिशत राजस्व बढ़ा

जयपुर, 5 अक्टूबर। शनिवार को जयपुर में अर्हम ध्यान योग, जी.एस.टी. और आयकर पर आयोजित चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स सेमीनार को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनका कार्य केवल संख्याओं को संभालना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स वित्तीय प्रबंधन के विशेषज्ञ होते हैं और आज की तेजी से बदलती दुनिया में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स के सेमीनार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आर्थिक व सामाजिक प्रगति में चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स की अहं भूमिका है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में बड़ा बदलाव आया है। केन्द्र सरकार ने कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरल आयकर रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया, फेसलैस असैसमेंट जैसी पहलों ने करदाताओं के लिए कर भरना आसान बनाया है।

शर्मा ने कहा कि जी.एस.टी. लागू होने के बाद कर आधार में सुधार हुआ है और आज लगभग 1.3 करोड़ करदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि हमें जी.एस.टी. के माध्यम से छोटे व्यवसायियों और उद्योगों को सशक्त बनाना है, ताकि वे न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें, बल्कि देश के विकास में भी योगदान दे सकें।

- **मुख्यमंत्री ने चार्टर्ड अकाउन्टैन्ट्स को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताया। उन्होंने कहा, राइज़िंग राजस्थान समिट के लिये निवेशकों को प्रेरित करें, क्योंकि सी.ए. भरोसे का प्रतीक होते हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा, राजस्थान के चार्टर्ड अकाउन्टैंट्स ने स्थानीय व्यवसायों को जी.एस.टी. के अनुपालन में मदद की, जिसके परिणामस्वरूप उनके राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में ध्यान योग के माध्यम से मानसिक शांति और एकाग्रता का अत्याधिक महत्व है। इससे हमें आत्म नियंत्रण प्राप्त होता है और हम हमारे पेशेवर जीवन में सही निर्णय लेने में सफल होते हैं।

मुख्यमंत्री ने चार्टर्ड एकाउंटैंट्स से आ ान करते हुए कहा कि वे आगामी दिसम्बर माह में होने वाले "राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल समिट" में अधिक से अधिक निवेश के लिए निवेशकों को प्रेरित करें, क्योंकि सी.ए. भरोसे के प्रतीक होते हैं और उनके द्वारा कही गई बात को बहुत महत्व दिया जाता है। सभी के सहयोग से ही "राइजिंग राजस्थान समिट" सफल होगी।

इस अवसर पर जैन मुनिप्रणम्य सागर महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल, सेमीनार के संयोजक दिनेश जैन सहित चार्टर्ड अकाउन्टैंट्स एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डब्ल्यु.एच.ओ. ने सवाईकल कैंसर वैक्सीन को मंजूरी दी

जिनेवा, 05 अक्टूबर। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) ने चौथे प्रीक्वालिफाइड ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एच.पी.वी.) वैक्सीन उत्पाद, 'सेकोलिन' को सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए एकल-खुराक अनुसूची में उपयोग के लिए मंजूरी दी है। डब्ल्यू.एच.ओ. ने एक बयान में यह जानकारी दी है।

- **डब्ल्यु.एच.ओ. के अनुसार, एच.पी.वी. टीकों की स्थायी आपूर्ति में इससे सुधार होगा तथा अधिक लड़कियों तक ये टीके पहुँच सकेंगे।**

डब्ल्यू.एच.ओ. के शुक्रवार को बयान में कहा गया कि यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर एचपीवी टीकों की स्थायी आपूर्ति में सुधार करने में योगदान देगा जिससे अधिक लड़कियों तक कैंसर को रोकने वाले टीके पहुंच सकेंगे।

डब्ल्यू.एच.ओ. के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा, "अधिकांश अन्य कैंसरों के विपरीत हमारे पास सर्वाइकल कैंसर के साथ-साथ इसकी दर्दनाक असमानताओं को दूर करने की क्षमता है।"

हर साल वैश्विक स्तर पर होने वाले 660,000 सर्वाइकल कैंसर के मामलों में से 95 प्रतिशत से अधिक एच.पी.वी. के कारण होते हैं। विश्व स्तर पर हर दो मिनट में इस रोकथाम योग्य बीमारी से एक महिला की मृत्यु हो जाती है और इनमें से 90 प्रतिशत मौतें निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं।

सर्वाइकल कैंसर से सबसे ज्यादा प्रभावित 20 देशों में से 19 देश अफ्रीका में हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड की समीक्षा याचिकाएं में खारिज कीं

## मुख्य न्यायाधीश सहित पांच न्यायाधीशों की पीठ ने यह निर्णय सुनाया

नयी दिल्ली, 05 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने 'चुनावी बॉन्ड योजना' को असंवैधानिक करार दिए जाने के अपने फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और अन्य द्वारा दायर समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

पीठ ने इस मामले में खुली अदालत में सुनवाई के एक आवेदन को भी खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने यह आदेश 25 सितंबर को पारित किया था।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने अपने आदेश में कहा, समीक्षा याचिकाओं के अवलोकन करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं मिली है। उच्चतम न्यायालय नियम -2013 के आदेश, नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए, समीक्षा याचिकाएं खारिज की जाती हैं।

शीर्ष अदालत के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिका पर न्यायाधीशों द्वारा उनके कक्ष में संबंधित दस्तावेजों पर विचार किया जाता है। शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ ने 15 फरवरी 2024 को इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार दिया था और संबंधित बैंक को बॉन्ड जारी करने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था।

- **सर्वोच्च न्यायालय ने 15 फरवरी 24 को इलैक्ट्रोटल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार दिया था तथा संबंधित बैंक को बॉन्ड जारी करने पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिये थे।**

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए यह भी कहा था कि इससे राजनीतिक दलों को दान देने वालों के नाम जानने के नागरिकों के अधिकार और उनके बीच संभावित लेन-देन की व्यवस्था प्रभावित होती है।

अदालत ने बॉन्ड जारी करने वाले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एस.बी.आई.) को इससे संबंधित सभी आंकड़े चुनाव आयोग को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया था।

शीर्ष अदालत का यह फैसला एन.जी.ओ. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ए.डी.आर.) और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं के पर आया था। इसके बाद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड होने पर पता चला कि राजनीतिक दलों ने करीब 16,518 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड भुनाए थे।

# एग्ज़िट पोल: हरियाणा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परस्पर विरोधी गुटों में संतुलन बिठना भारी चुनौती होगी। सूत्रों ने कहा, हुड्डा को मुख्यमंत्री पद की दौड़ में बढ़त प्राप्त है तथा चुनाव से ठीक पहले दलित नेता अशोक तँवर की कांग्रेस में वापसी हुड्डा ने ही करवाई है।

हरियाणा कांग्रेस की जीत से नरेन्द्र मोदी की छवि कमज़ोर होगी। शाह व नड्डा की छवि भी प्रभावित होगी।

एन.डी.टी.वी. के एग्ज़िट पोल जम्मू-कश्मीर में नैशनल कॉन्फ्रैंस-कांग्रेस गठबंधन को 43 सीटों के साथ बढ़त दिखा रहा है। वहीं भाजपा 27 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। आर.पी.डी.पी. तथा तीन क्षेत्रीय दलों के खाते में 18 सीटें आने की उम्मीद है।

सी वोटर सर्वे के अनुसार, जम्मू क्षेत्र में भाजपा को बढ़त मिलने की संभावना है। यहाँ 41 प्रतिशत वोट के साथ भाजपा को 27-30 सीटें मिलेगी, नैशनल कॉन्फ्रैंस- कांग्रेस गठबंधन को 37 प्रतिशत वोट के साथ 11 से 15 सीटें और पी.डी.पी. को 4 प्रतिशत वोट के सथ 0 से 2 सीटें मिलेगी।

लेकिन राजनैतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि अगर किसी दल को बहुमत मिलेगा तो भाजपा की कोशिश करेगी यह देखना बाकी है कि पी.डी.पी. चुनावों में कैसा प्रदर्शन करेगी। पी.डी.पी. ने ही पहली बार राज्य में भाजपा को सत्ता दिलाई थी। कुल मिलाकर देखें तो जम्मू-कश्मीर सभी दलों के लिए चुनौती बना हुआ है।

# बस मार्शल प्रकरण में भाजपा, आप का सियासी ड्रामा

नई दिल्ली, 05 अक्टूबर। दिल्ली सचिवालय में शनिवार को जमकर सियासी ड्रामा हुआ। दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (डी.टी.सी.) के 10 हजार बस मार्शलों की बहाली और उनको परमानेंट करने की मांग को लेकर भाजपा ने सचिवालय में सी.एम. आतिशी से मुलाकात की।

- **दस हज़ार बस मार्शल की बहाली व परमानैंट करने के संदर्भ में भाजपा नेता मुख्यमंत्री आतिशी से मिले।**
- **आतिशी ने 10 प्रस्ताव साइन करके भाजपा नेताओं को एल.जी. ऑफिस चलने को कहा, जो भाजपा नेताओं ने नहीं माना।**

भाजपा की मांग पर आतिशी ने इमरजेंसी कैबिनेट मीटिंग बुलाई। इसमें बस मार्शलों को रेगुलराइज करने का दिल्ली विधानसभा का रेजोल्यूशन साइन किया गया। आप ने भाजपा से रेजोल्यूशन पर साइन कराने के लिए एल.जी. ऑफिस चलने को कहा।

सचिवालय के बाहर विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता एल.जी. ऑफिस जाने में आनाकानी करते दिखे। इस पर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और अन्य विधायकों ने विजेन्द्र के पैर पकड़ लिए।

वहीं, सी.एम. आतिशी विजेन्द्र की कार में जाकर बैठ गईं। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने एल.जी. से कैबिनेट नोट पास करने को नहीं कहा।

दरअसल, डी.टी.सी. के लगभग 10 हजार मार्शलों को 11 अक्टूबर 2023 को तत्कालीन सीएम केजरीवाल ने नौकरी से निकाला था। डीटीसी कर्मचारी खुद की बहाली की मांग को लेकर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं।

# 'विधानसभा में चुनाव में जीत हासिल करना एक मात्र लक्ष्य'

## नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी के नेताओं को काम बांटे

पटना, 05 अक्टूबर। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने आज स्पष्ट रूप से पार्टी नेताओं को टास्क देते हुए कहा कि अब एकमात्र लक्ष्य अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना है।

नीतीश कुमार ने शनिवार को यहां जदयू की राज्य कार्यकारिणी की पहली बैठक में साफ कहा कि एक मात्र लक्ष्य वर्ष 2025 का विधानसभा चुनाव जीतना है। उन्होंने पार्टी नेताओं को टास्क देते हुए कहा कि अभी से लग जाना है। उनकी सरकार ने जो काम किए हैं, उन्हें गांव-गांव तक पहुंचायें। राज्य में पहले क्या था और अब बिहार की क्या स्थिति है, इस बात को निचले स्तर पर ले जाएं। साथ ही, लोगों को खासकर नए लोगों को यह जानकारी ज़रूर दीजिए। हमलोग वर्ष 2025 में अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव जीतें, इस पर काम करना है।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि दो बार गलती कर चुके, अब आगे ऐसी गलती नहीं करेंगे। अब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से हाथ नहीं मिलाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है।

- **जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि दो बार गलती कर दिये थे, अब आगे ऐसी गलती नहीं करेंगे, राष्ट्रीय जनता दल से हाथ नहीं मिलायेंगे।**

राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने बताया, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेताओं को टिप्स दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमलोगों ने जो काम किए हैं, उस पर वोट मांगने जाएंगे। हमलोग पॉज़िटिव वोट लेने जाएंगे, हमलोग भावना नहीं भड़काएंगे।

झा ने कहा कि हम लोगों का हमेशा से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की मांग रही है। केन्द्र सरकार ने विशेष पैकेज देना शुरू किया है। इसके लिए हमारे नेता नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 220 सीट जीतने का लक्ष्य दिया है। जदयू राज्य कार्यकारिणी की बैठक में संगठन संबंधी प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें कहा गया है कि यह बैठक महसूस करती है कि समता पार्टी के समय के पुराने पदाधिकारी और कार्यकर्ता कमोबेश आज भी हमारे साथ हैं, वे कहीं दूसरी जगह नहीं गए हैं। अनेक वजहों से वे सक्रिय नहीं हैं। ऐसे में उनसे संवाद करने की जरूरत है। इसके लिए "सम्मान संवाद कार्यक्रम" चलाकर उनसे जुड़ा जा सकता है। अपने वरिष्ठ लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए सम्मान संवाद कार्यक्रम चलाया जाना चाहिए।

बैठक में 'संगत-पंगत' कार्यक्रम चलने का भी प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें कहा गया है कि राजग के प्रमुख घटक दल होने के नाते हमें अपने सहयोगी दलों के साथ समन्वय बहुत ही जरूरी है। घटक दलों के नेताओं के बीच तो संबंध और सहकार रहता है लेकिन जमीनी स्तर पर भी संवाद रहे, यह ज्यादा जरूरी है। इसके लिए "संगत-पंगत" नाम से कार्यक्रम चलाया जा सकता है।

# कुपवाड़ा में घुसपैठ नाकाम, दो आतंकवादी मारे गये

श्रीनगर, 05 अक्टूबर। जम्मू एवं कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एल.ओ.सी.) पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया।

- **रक्षा मंत्रालय के अनुसार कुछ हफ्तों से घुसपैठ की योजना की सूचनायें मिल रही थीं।**

सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। घुसपैठ की कोशिश की खुफिया जानकारी मिलने के बाद कुपवाड़ा के केरन सेक्टर के गुगलधार वन क्षेत्र में यह ऑपरेशन चलाया गया था। श्रीनगर-स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में केरन सेक्टर के माध्यम से घुसपैठ की योजना के बारे में कई खुफिया सूचनाएं मिल रही थीं।

प्रवक्ता ने कहा, गुरुवार को, एक विशिष्ट इनपुट प्राप्त हुआ था, जिसकी केरन सेक्टर के घने जंगलों के माध्यम से घुसपैठ की संभावना के बारे में जम्मू कश्मीर पुलिस और आईबी द्वारा पुष्टि की गई। तदनुसार, सेना, बी.एस.एफ. और जे.के.पी. द्वारा घुसपैठ के मार्गों पर एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था और चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित की गयी।

# मारे गये 16 नक्सलियों पर 1.30 करोड़ का इनाम था

जगदलपुर, 05 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ में 'नक्सल मुक्त बस्तर' मिशन के तहत दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर स्थित माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने जिन 31 नक्सलियों को मार गिराया, उनमें से 16 की पहचान एक करोड़ 30 लाख रुपए से ज्यादा के इनाम घोषित माओवादियों के रुप में की गयी है। अन्य 15 नक्सलियों की शिनाख्ती की कार्रवाई जारी है।

शुक्रवार को दंतेवाड़ा व नारायणपुर सीमा पर हुई अब तक के सबसे बड़े नक्सली मुठभेड़ में 18 पुरुष और 13 महिला नक्सली मारे गए हैं। आज मारे गए सभी नक्सलियों के शवों को जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा लाया गया।

- **मुठभेड़ में ढेर हुए बाकी नक्सलियों की शिनाख्त का कार्य जारी है।**

दंतेवाड़ा में प्रेसवार्ता के दौरान बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मृत नक्सलियों में 25 लाख रुपए की इनामी डी.के.एस.जेड.सी. एवं पूर्वी बस्तर इंचार्ज नीति उर्फ उर्मिला भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 15 शिनाख्ती में डी.के.एस.जेड.सी. के अलावा दो कैडर आठ लाख रुपए के इनामी डी.बी.सी.एम. एवं नौ कैडर पी.एल.जी.ए. कंपनी-6 के भी शामिल हैं। शेष 15 ढेर नक्सलियों की शिनाख्तगी कार्रवाई जारी है।

आई.जी. ने बताया कि घटना स्थल से एक एलएमजी, 04 एके-47, छह एसएलआर, तीन इंसास, दो .303 सहित कई अन्य हथियार बरामद किए गया है। बड़ी कामयाबी का जिक्र करते हुये आई.जी. ने बताया कि तीन अक्टूबर को जिला नारायणपुर/दंतेवाड़ा से डी.आर.जी. व एस.टी.एफ. की संयुक्त पार्टी थाना ओर्छा और बरसुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोवेल, नेंदूर, व थुलथुली की ओर रवाना हुई थी। इस क्षेत्र में डी.के.एस.जेड.सी. नीति, कमलेश, सहित पूर्वी बस्तर डिवीजन, पी.एल.जी.ए कंपनी नंबर-6, इंद्रावती एरिया कमिटी और प्लाटून नंबर 16 के शीर्ष नक्सलियों की उपस्थिति की सटीक सूचना मिली थी। इसी सूचना पर संयुक्त टीम निकली थी।

# एग्ज़िट पोल नतीजों से उत्साहित हैं कांग्रेसी नेता

नयी दिल्ली, 05 अक्टूबर। कांग्रेस ने कहा है कि हरियाणा में पिछले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने लोगों की भावनाओं के प्रतिकूल काम किया है और इससे हरियाणा का हर वर्ग भाजपा से नाराज था, इसलिए इसके वही परिणाम शुरु से दिख रहे थे, जिनका अनुमान एग्जिट पोल लग रहे हैं।

- **कांग्रेस नेता अश्विनी कुमार ने कहा, एग्ज़िट पोल सही नतीजे बता रहे हैं। सैलजा ने कहा, जनता सरकार बदलने का मन बना चुकी थी।**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वह पहले से ही कह रहे हैं कि हरियाणा में कांग्रेस की पक्ष में लहर है और कांग्रेस बड़ी जीत हासिल कर रही है, इसलिए एग्ज़िट पोल में जो कुछ कहा जा रहा है, उसमें कुछ भी नया नहीं है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता अश्विनी कुमार ने कहा कि हरियाणा में एग्ज़िट पोल सही बता रहे हैं कि कांग्रेस जीत रही है और भारी बहुमत से सरकार बना रही है, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने पर भाजपा के लिए बहुत ही निराशाजनक स्थिति होगी।

# निलम्बित मेयर को...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नहीं की गई। परिवादी ने स्वयं निगम से पट्टे दिलाने का काम करना बताया है, जो कि अपने आप में अवैध है। निगम के नियमों में निजी व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति के पट्टे संबंधी कार्य कराने के लिए अधिकृत करने की व्यवस्था नहीं है। परिवादी लोगों को ब्लैकमेल कर राशि हड़पने का काम करता है। ऐसे में उसे जमानत का लाभ दिया जाना चाहिए। इसका विरोध करते हुए शिकायतकर्ता के वकील पीसी भंडारी ने कहा कि मामले में मुनेश गुर्जर मुख्य आरोपी है। वह अपने पति व दलालों के जरिए रिश्वत लेकर पट्टे पर साइन करती थी। मुनेश ने अपने स्तर पर ही पट्टों को अपने घर मंगाने की व्यवस्था कर रखी थी। ए.सी.बी. कार्रवाई के दौरान भी वहां पट्टों से संबंधित 6 पत्रावलियां व 41 लाख रुपए से अधिक की राशि बरामद हुई थी। इसके अलावा उसके कार्यकाल में 7 हजार पांच सौ पट्टे जारी किए गए। प्रकरण के एक अन्य आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ सी.बी.आई. के भी तीन मामले हैं। ए.सी.बी. ने मामले में अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद भी मुनेश को गिरफ्तार नहीं किया। इससे साबित है कि वह प्रभावशाली है। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जाना चाहिए। यदि ऐसा हुआ तो हर आरोपी आरोप पत्र दायर होने के बाद कोर्ट में पेश होकर जमानत ले लेगा। वहीं, ए.सी.बी. की ओर से सरकारी वकील ने कहा कि मामला देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा नहीं किया जाए। सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने मुनेश को जमानत का लाभ दिया है।

**प्रतापसिंह पर लगाए आरोप:-** दूसरी ओर, मुनेश ने अदालत कक्ष के बाहर बातचीत में कहा कि उसे राजनीतिक द्वेष के कारण फंसाया गया है। जयपुर की जनता ने विधानसभा और लोकसभा में प्रताप सिंह को जवाब दे दिया है। मैं भी लोक सेवक हूं और वे भी लोक सेवक हैं, लोक सेवक को जनता जवाब देती है।

# प्र.मंत्री ने बंजारा विरासत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

म्यूजियम" का भी उद्घाटन किया तथा कहा कि हमारे बंजारा समुदाय की भारत के सामाजिक जीवन में, भारत के विकास की यात्रा में बहुत बड़ी भूमिका रही है तथा इस समुदाय ने हमें कई संत भी दिये हैं, जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक चेतना को अपार ऊर्जा प्रदान की है। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुये, प्रधानमंत्री ने वाशिम की पवित्र भूमि की पोहरादेवी माता को नमन किया तथा बताया कि उन्होंने आज सुबह माता जगदम्बा के मंदिर में दर्शन किये तथा पूजा की। उन्होंने कहा कि उन्होंने संत सेवा लाल महाराज तथा संत रामराव महाराज की समाधियों पर जाकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये तथा उनका आर्शीवाद माँगा। प्रधानमंत्री ने गोंडवाना की महान बहादुर रानी, दुर्गावती जी जयन्ती का जिक्र करते हुये, जनसमूह को याद दिलाया कि देश ने गत वर्ष उनकी 500वीं जयन्ती मनाई थी।

# घोड़े पर मतदान...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उल्लेखनीय है कि जिंदल की मां सावित्री जिंदल भी लोकसभा चुनाव से पहले ही भाजपा में शामिल हुई थीं, लेकिन टिकट न मिलने के कारण पार्टी से बगावत कर हिसार से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं।

# '20 दिन में दो...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के 5 बिन्दुओं में से एक था। नारी न्याय। उन्होंने कहा कि हरियाणा की महिलाओं ने ऑनलाइन सदस्यता ली और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को वोट दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा कुल 90 में से 12 सीटों पर कांग्रेस महिलाओं को टिकट दिया है।

# जद ( यू ) ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कुमार का जिक्र करते हुए, उन्हें "प्रधानमंत्री बनने योग्य" नेता कहा, तो वहीं मौजूद एक भाजपा नेता ने मुँहतोड़ जवाब देते हुये कह दिया, "प्रधानमंत्री पद के लिये अभी कोई रिक्त स्थान नहीं है।"

# यह भांपते हुए कि स्थिति कुछ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तीन मतदान सर्वेक्षक, दैनिक भास्कर, इण्डिया टुडे- सी वोटर और पीपुल्स पल्स, जम्मू-कश्मीर में नैशनल कॉन्फ्रैंस कांग्रेस गठबंधन को बढ़त देते हुए गठबंधन को कम से कम 35 सीटें मिलने की बात कह रहे हैं।

इसके बाद भाजपा को कम से कम 20 तथा पी.डी.पी. को 4 से 7 सीटें मिलने की बात कही जा रही है। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि सन् 2019 में धारा 370 रद्द होने के बाद यह राज्य दो भागों में बंट गया- यूनियन टैरिटरीज़ ऑफ जम्मू एण्ड कश्मीर एवं लद्दाख। नैशनल कॉन्फ्रैंस तथा कांग्रेस ने एक साथ मिलकर चुनाव लड़ा, जबकि, भाजपा तथा पी.डी.पी. स्वतंत्र रुप से चुनाव मैदान में उतरीं।

एन.डी.टी.वी. के, पोल ऑफ पोल्स के अनुसार, कांग्रेस नैशनल कॉन्फ्रैंस गठबंधन को कम से कम 43 सीटों पर तथा भाजपा को 27 व पी.डी.पी. को 8 सीटों पर विजय मिल सकती है। इसमें छोटी पार्टियों को 18 सीटें दी गई हैं।

सन् 2014 में एग्ज़िट पोल्स ने क्या भविष्यवाणी की थी? 2014 में हुये पिछले विधानसभा चुनावों में, एग्ज़िट पोल्स ने त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी की थी जबकि जनादेश में भाजपा, एन.सी. और कांग्रेस की अपेक्षा, पी.डी.पी. को बढ़त दी गई थी। सी वोटर एग्ज़िट पोल ने भविष्यवाणी की थी कि तत्कालीन 87 सदस्यों वाले सदन में कोई भी पार्टी 44 सीटों की बहुमत-सीमा तक नहीं पहुँचेगी। सीटों की संख्या इस प्रकार बताई थी - पी.डी.पी. 32-38 सीटों के साथ सबसे ऊपर, उसके बाद भाजपा को 27-33 सीटें, एन.सी. तो 8-18 सीटें तथा कांग्रेस को 4-10 सीटें बताई थी। जब चुनाव परिणाम घोषित हुये, तो पी.डी.पी. ने 28, भाजपा ने 25, एन.सी. ने 15 तथा कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थी।

नैशनल कॉन्फ्रैंस के उपाध्यक्ष तथा गंदरबल उम्मीदवार उमर अब्दुल्लाह ने शनिवार को कहा कि वे चकित हैं कि "हाल ही में हुये आम चुनावों के समय भविष्यवाणियों की घोर विफलता के बाद भी, चैनल एग्ज़िट पोल्स प्रसारित कर रहे हैं।" अब्दुल्लाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मैं चैनलों, सोशल मीडिया, वॉट्सएप आदि पर हो रहे शोर की अनसुनी और अनदेखी कर रहा हूँ क्योंकि सीटों की वास्तविक संख्या वह होगी, जो 8 अक्टूबर को सामने आयेगी। बाकी तो सब वक्त गुज़ारने का सामान है।"

# पैंथर ने बाइक सवार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वाली जगहों के आसपास पुलिस और वन विभाग की टीमों ने पैंथर को गन पॉइंट पर ले लिया है। उदयपुर कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि अगर पैंथर को जिंदा नहीं पकड़ पाते हैं तो उसे शूट करेंगे। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग अब भी उसे ज़िंदा पकड़ने की जिद कर रहा है। तीन मौके पैंथर को ट्रैंकुलाइज़ करने के चक्कर में गंवा दिए हैं।

गोगुंदा एस.एच.ओ. शैतान सिंह नाथावत ने बताया कि पैंथर तीन दिन से भूखा है। उसका मूवमेंट राठौडों का गुडा गांव के आसपास के जंगलों में है। वह अपनी टेरिटरी में नहीं लौट रहा है और न ही आगे बढ़ रहा। वन विभाग की इमरजेंसी रैस्पॉन्स टीम ने शुक्रवार से ही पोज़िशन ले ली है। इसमें सी.सी.एफ. (वाइल्ड लाइफ) जयपुर टी. मोहन राज, सरिस्का के फील्ड डायरेक्टर संग्राम सिंह और कोटा के रामगढ़ विषधारी अभयारण्य के डी.सी.एफ. संजीव शर्मा शामिल हैं।

जंगल में कुछ जगहों पर ये कैमरे लगाए गए हैं जिनकी मदद से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके अलावा कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी काम में लिए जा रहे हैं। ड्रोन की मदद से टीम ने कई बार पैंथर को ट्रैक जरूर किया, लेकिन जब तक टीम मौके पर पहुंचती है, पैंथर चकमा देकर भाग जाता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908